# एम.पी. स्टेट कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लि0 (एमपीसीडीएफ)
**दुग्ध भवन, दुग्ध मार्ग, हबीबगंज, भोपाल–24**

**दूरभाष : 0755 2602145, ई–मेलः hompcdf@nic.in**


क्रमांक/ /क्रय 285/एमपीसीडीएफ/2020 भोपाल, दिनांक

## निविदा सूचना

एम. पी. स्टेट को–ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लि.(एमपसीडीएफ) भोपाल के परिसर में उपलब्ध लगभग 07 एकड़ भूमि पर उद्यानिकीय विकास, रख–रखाव एवं निर्धारित भूमि पर नर्सरी संचालन हेतु भूमि ठेके पर देने के लिए अनुभवी नर्सरी संचालकों से मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक व्यक्तियों/फर्मों/नर्सरी संचालकों द्वारा निविदा प्रपत्र एमपीसीडीएफ कार्यालय से कार्यालयीन दिवसों में पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 5.00 बजे तक निविदा प्रकाशित होने की तिथि से रूपये 500/– (रूपये पांच सौ मात्र) नगद जमा कर क्रय किये जा सकते हैं।

मुख्य जानकारियां

| निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक व समय | निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम दिनांक व समय | तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक व समय | वित्तीय निविदा खोलने की दिनांक व समय | प्रतिभूति राशि |
|---|---|---|---|---|
| 13.07.2020 अपरान्ह 5.00 बजे तक | 14.07.2020 अपरान्ह 5.00 बजे तक | 15.07.2020 मध्यान्ह 12.00 बजे | 16.07.2020 अपरान्ह 3.00 बजे | रूपये 5000/– |

उक्त दिनांक तथा निर्धारित समय के पश्चात जमा की गई अथवा अपूर्ण निविदायें मान्य नहीं की जावेगी। बिना कोई कारण दर्शाये प्राप्त निविदा निरस्त करने का अधिकार प्रबंध संचालक एमपीसीडीएफ को होगा।

प्रबंध संचालक

**एम.पी. स्टेट कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लि0 (एमपीसीडीएफ)**
**दुग्ध भवन, दुग्ध मार्ग, हबीबगंज, भोपाल–24**

**दूरभाष : 0755 2602145, ई–मेलः hompcdf@nic.in**

## निविदा दस्तावेज की सूची एवं मुख्य बिन्दु

| | |
|---|---|
| प्रपत्र एक | निविदा शर्तें |
| प्रपत्र दो | कार्य विवरण एवं ठेके की शर्तें |
| प्रपत्र तीन | सामान्य जानकारी एवं ठेके पर भूमि लेने हेतु वार्षिक भाड़ा दर का प्रस्ताव संबंधी |
| प्रपत्र चार | तकनीकी निविदा प्रपत्र |
| प्रपत्र पांच | दर निविदा प्रपत्र |
| निविदा दस्तावेज क्रय करने की अंतिम तिथि तथा समय | दिनांक 13.07.2020<br>समय अपरान्ह 5.00 बजे तक |
| निविदा दस्तावेज कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि तथा समय | दिनांक 14.07.2020<br>समय अपरान्ह 5.00 बजे तक |
| तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक एवं समय | दिनांक 15.07.2020<br>समय मध्यान्ह 12.00 बजे |
| वित्तीय निविदा खोलने की दिनांक एवं समय | दिनांक 17.07.2020<br>समय अपरान्ह 3.00 बजे |
| निविदा खोलने का स्थान | एमपीसीडीएफ कार्यालय दुग्ध भवन, दुग्ध मार्ग, हबीबगंज, भोपाल – 462024 |

प्रबंध संचालक
एमपीसीडीएफ,
भोपाल

**प्रपत्र–एक**

## निविदा की शर्तें

1. निविदा आवेदन/प्रपत्र पूर्ण रूप से भरते हुए वांछित दस्तावेजों की छायाप्रतियों सहित मुहरबंद लिफाफों में दिनांक 14.07.2020 अपरान्ह 3.00 बजे तक अथवा उसके पूर्व एमपीसीडीएफ कार्यालय, दुग्ध भवन, दुग्ध मार्ग, हबीबगंज, भोपाल में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

2. निर्धारित दिनांक एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदायें अथवा वांछित दस्तावेजों के अभाव में अथवा अपूर्ण जानकारी के साथ दी गई निविदायें निरस्त मानी जावेंगी।

3. निविदा, तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा संयुक्त पद्धति पर रहेगी। पहले तकनीकी निविदा खोली जायेगी। तकनीकी निविदा में सफल निविदाकार की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।

4. निविदाकर्ता को अपनी तकनीकी निविदा के साथ धरोहर राशि (ईएमडी) की राशि रूपये 5000/–(रूपये पांच हजार मात्र) का किसी राष्ट्रीय बैंक का बैंक ड्राफ्ट/पे आर्डर/बैंकर्स चेक एम.पी.स्टेट को–आपरेटिव डयेरी फेडरेशन लि. भोपाल के नाम बनवाकर संलग्न करना अनिवार्य होगा। निर्धारित मूल्य की धरोहर राशि के बिना निविदा मान्य नहीं की जावेगी। बैंक ड्राफ्ट/पे आर्डर/बैंकर्स चेक का विवरण दर प्रपत्र में दिया जावे।

5. निविदाकार का स्वयं या फर्म के नाम से PAN नंबर होना अनिवार्य रहेगा।

6. प्राप्त तकनीकी निविदायें दिनांक 15.07.2020 को मध्यान्ह 12.00 बजे एमपीसीडीएफ द्वारा गठित समिति द्वारा खोली जावेंगी। निविदाकर्ता स्वयं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि निविदा खोलने की कार्यवाही में उपस्थित रह सकेंगे। तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों की वित्तीय निविदा दिनांक 16.07.2020 को अपरान्ह 3.00 बजे खोली जायेंगी।

7. किसी भी निविदा को आंशिक रूप से अथवा पूर्ण रूप से मय कारण/अकारण निरस्त करने का अधिकार प्रबंध संचालक, एमपीसीडीएफ के पास सुरक्षित रहेगा।

8. निविदाकर्ताओं के पास प्रपत्र में वर्णित अर्हताओं के साथ–साथ उद्यानिकीय विकास का न्यूनतम 01 वर्ष वर्णित कार्य अनुभव होना भी अनिवार्य होगा।

9. निविदा संबंधी संपूर्ण कार्यवाही के पश्चात सफल निविदाकार की अमानत/धरोहर राशि रोकते हुए, शेष निविदाकर्ताओं की जमा अमानत/धरोहर राशि 30 दिवस में बिना ब्याज के वापस की जाएगी।

10. सफल निविदाकार की धरोहर राशि को अमानत राशि की अंश के रूप में समायोजित किया जावेगा एवं ठेका की अवधि पूर्ण होने के पश्चात ही वापिस किया जावेगा।

11. जिस निविदाकार की दरें स्वीकृत की जाती हैं उनको संलग्न प्रपत्र 2 में दर्शित कार्य का विवरण एवं ठेके की शर्तों अनुसार अनुबंध पत्र निष्पादित करना होगा।

12.निष्पादित अनुबंध में उल्लेखित कार्य एवं शर्तों के अनुसार ही ठेका की अवधि में कार्य संपादित करना होगा।

13. सफल निविदाकार को कार्य आदेश प्राप्त होने के 15 दिवस के अंदर रूपये 50,000/– (रूपये पचास हजार) सुरक्षा निधि के रूप में नगद या राष्ट्रीयकृत बैंक के डिमांड ड्राफ्ट से जमा करना होगा।

14. सफल निविदाकार को कार्य आदेश प्राप्त होने के 07 दिवस के अंदर रूपये 1000/– (रूपये एक हजार) के नान जुडीशियल स्टाम्प पेपर पर अनुबंध निष्पादित करना होगा। अनुबंध, प्रपत्र दो अनुसार रहेगा।

प्रबंध संचालक
एमपीसीडीएफ

मेरे द्वारा उक्त निविदा शर्तें पढ़ी गई एवं उक्त शर्तें मुझे/हमें मान्य हैं।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं सील

नाम –

पता –

मोबाईल नंबर –

लैण्ड लाईन नंबर –

<u>प्रपत्र–दो</u>

## <u>कार्य का विवरण एवं ठेके की शर्तें</u>

1. एमपीसीडीएफ कार्यालय परिसर में उपलब्ध भूमि पर उद्यानिकीय विकास हेतु एमपीसीडीएफ के निर्देशानुसार दिये गये प्लान के अनुसार सफल निविदाकार को उद्यान विकास एवं रख रखाव का कार्य किया जाना होगा। प्लान में आवश्यकता अनुसार किसी संशोधन की जरूरत होती है तो वह एमपीसीडीएफ द्वारा ही किया जाएगा।

2. सफल निविदाकार को परिसर में निर्धारित भूमि लगभग 21000 वर्गफिट में उसकी स्वयं की नर्सरी संचालन की अनुमति दी जायेगी, जिसमें वह स्वयं की नर्सरी संचालित कर फूल, पौधे विक्रय कर सकेगा। इसके एवज में निविदाकार एमपीसीडीएफ को निविदा में स्वीकृत प्रीमियम राशि का प्रत्येक तिमाही में अग्रिम भुगतान करेगा। निर्धारित भूमि पर सफल निवदाकार द्वारा किसी प्रकार का स्थाई निर्माण नहीं किया जायेगा एवं उक्त भूमि पर एमपीसीडीएफ का ही पूर्णतः स्वामित्व होगा।

3. सफल निविदाकार द्वारा संचालित नर्सरी में शासन द्वारा प्रतिबंधित पौधे यथा–गांजा, भांग आदि कदापि नहीं लगाये जायेगें। अन्यथा की स्थिति में पूर्ण जवाबदारी सफल निविदाकार की रहेगी।

4. निविदाकार द्वारा संचालीत नर्सरी से फूल–पौधे आदि का विक्रय एमपीसीडीएफ मुख्य द्वार के बाहर किया जायेगा।

5. सफल निविदाकार को यह ठेका प्रथमतः कार्य आदेश की दिनांक से दो वर्ष की अवधि के लिए दिया जाएगा। प्रबंध संचालक द्वारा अधिकृत समिति द्वारा सफल निविदाकार के कार्यों की समय–समय पर समीक्षा करेगी जिसकी प्राप्त अनुशंसा के आधार पर उक्त ठेका अवधि अधिकतम दो वर्ष तक बढ़ाई जा सकेगी। परंतु यह एक बार में 01 वर्ष से अधिक नहीं बढ़ाई जावेगी। यह भी कि समय–समय पर सफल निविदाकार के कार्यों की समीक्षा में यदि कार्य असंतोषजनक पाया जाता है तो एक माह का नोटिस देकर ठेका निरस्त किया जा सकेगा।

6. ठेका अवधि के दौरान उद्यानिकीय भूमि का स्वामित्व एवं पूर्ण कब्जा एमपीसीडीएफ का होगा तथा उस पर पूर्ण नियंत्रण भी एमपीसीडीएफ का रहेगा।

7. सफल निविदाकार प्रथम पक्ष से सहमति प्राप्त कर रिक्त भूमि पर अपनी आय के लिए पौधे, फूल, की नर्सरी लगा सकेगा। सफल निविदाकार एमपीसीडीएफ कार्यालय में प्रबंध

संचालक एवं विभाध्यक्षों को आवश्यकता अनुसार फूल तथा गुलदस्ते निःशुल्क उपलब्ध करायेगा। मुख्य प्रवेश द्वार तथा एमपीसीडीएफ द्वारा समय–समय पर उपलब्ध कराए गए प्लान के अनुसार सफल निविदाकार विकास एवं विस्तार सुनिश्चित करेगा तथा एमपीसीडीएफ कार्यालय परिसर में पूर्व से ही विकसित उद्यानों का नियमित रख–रखाव सुनिश्चित करेगा। एमपीसीडीएफ परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार पर उपस्थित सुरक्षा कर्मी को इन्द्राज कराकर सफल निविदाकार अपनी सामग्री अन्दर से बाहर तथा बाहर से अन्दर ले आएगा।

8. सफल निविदाकार द्वारा उक्त अवधि में समय–समय पर दिए गये निर्देशों के अनुसार फलदार वृक्ष (आम, आंवला, अमरूद, पपीता, संतरा आदि) लगाये जाएंगे एवं उद्यानिकीय विकास खाद, उर्वरक एवं रख–रखरखाव कार्य सफल निविदाकार अपने स्वयं के व्यय से करेगा। जिस हेतु किसी भी प्रकार की आर्थिक सहायता एमपीसीडीएफ द्वारा नहीं दी जाएगी। पौधों के विकास एवं सुरक्षा और स्वच्छता की समस्त जिम्मेदारी सफल निविदाकार की होगी।

9. यदि सफल निविदाकार द्वारा एमपीसीडीएफ परिसर में स्थित वर्तमान पेड़ पौधों का रखरखाव उचित ढंग से नहीं करने एवं क्षति की स्थिति में बाजार मूल्य के अनुरूप एमपीसीडीएफ द्वारा सफल निविदाकार पर अर्थदण्ड अधिरोपित किया जा सकेगा।

10. एमपीसीडीएफ कार्यालय परिसर में सिंचाई हेतु सफल निविदाकार स्वयं का डीजल पम्प/विद्युत पम्प रख सकेगा। एमपीसीडीएफ के ट्यूबवेल से अतिरिक्त पानी लेने हेतु ठेकेदार को एमपीसीडीएफ के विद्युत मीटर से लिए गये सब मीटर की मासिक रीडिंग के आधार पर विद्युत व्यय सफल निविदाकार द्वारा भुगतान किया जाएगा। यदि सफल निविदाकार भुगतान करने में विफल होता है तो विद्युत देयकों की प्रतिपूर्ति सफल निविदाकार द्वारा जमा कराई प्रतिभूति राशि से की जावेगी। सफल निविदाकार स्वयं विद्युत खपत (रीडिंग) की जानकारी प्राप्त कर प्रति माह भुगतान सुनिश्चित करेगा।

11. एमपीसीडीएफ परिसर में उद्यानिकीय विकास के कार्य हेतु सफल निविदाकार अपने श्रमिक नियुक्त करेगा तथा इन श्रमिकों के वेतन भत्तों आदि का भुगतान सफल निविदाकार स्वयं करेगा। इन श्रमिकों का एमपीसीडीएफ से कोई संबंध नहीं रहेगा। सफल निविदाकार स्वयं ही मुख्य नियोजक (प्रिंसिपल एम्पलायर) होगा तथा श्रमिक नियोजन पर विधिवित लागू समस्त श्रम कानून/अधिनियम का पालन करने हेतु स्वयं उत्तरदायी होगा। उद्यानिकी कार्य में लगाये गये श्रमिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सफल निविदाकार की स्वयं की होगी।

12. सफल निविदाकार के जो श्रमिक उद्यान विकास का कार्य करेंगे उनके परिचय पत्र सफल निविदाकार द्वारा बनाये जाएंगे।

13 सफल निविदाकार को दरें स्वीकृत होने के उपरांत कार्यादेश जारी होने के 10 दिवस में रूपये 50,000/-(रूपये पचास हजार मात्र) की प्रतिभूति राशि एमपीसीडीएफ में जमा करनी होगी। इस राशि पर किसी प्रकार का ब्याज ठेकेदार को देय नहीं होगा एवं ठेका समाप्ति पर मात्र उक्त राशि रूपये 50,000/- सफल निविदाकार को वापसी योग्य होगी। किन्तु राशि वापसी के पूर्व एमपीसीडीएफ द्वारा सफल निविदाकार से प्राप्ती योग्य राशि की वसूली की जाकर शेष राशि ही वापस की जावेगी। यदि किसी कारण से ठेका अवधि के मध्य में सफल निविदाकार ठेका जारी रखने से विमुख (Backout) हो जाता है तो प्रतिभूति की राशि राजसात कर ली जाएगी।

14. प्रतिभूति राशि के अतिरिक्त सफल निविदाकार द्वारा निविदा में दी गई किराया/भाड़ा राशि को प्रत्येक वर्ष त्रैमासिक किस्त के आधार पर अग्रिम एमपीसीडीएफ कार्यालय में सात दिवस के अंदर जमा करनी होगी।

15. ठेका अवधि पूर्ण होने पर अथवा ठेका अनुबंध निरस्त होने की दशा में परिसर में लगाये गये उद्यान एवं वृक्षों का स्वामित्व पूर्णतः एमपीसीडीएफ का होगा।

16. ठेका समाप्ति उपरांत अथवा निरस्त होने की दशा में सफल निविदाकार अपने व्यय से क्रय किये गये समस्त उपकरण जैसे डीजल पंप, सिंचाई उपकरण आदि सामग्री तथा फ्लोरीकल्चर प्लांट परिसर से ले जा सकेगा। लेकिन कोई भी पौधा, फूल नहीं ले जा सकेगा।

17. परिसर में वर्तमान में उपलब्ध सामग्री पौधों, वृक्षों तथा फल फूल आदि की पूर्ण सुरक्षा एवं देखभाल सफल निविदाकार द्वारा स्वयं के व्यय से की जाएगी। उद्यानिकीय परिसर में किसी प्रकार के प्राकृतिक अथवा अप्राकृतिक विपदा के कारण होने वाला नुकसान सफल निविदाकार का स्वये का होगा। एमपीसीडीएफ से इसका किसी प्रकार का संबंध नहीं रहेगा।

18 .सफल निविदाकार को वर्ष में निर्देशानुसार फूल, फलदार पौधे लगाने होंगे तथा उनकी सुरक्षा एवं हरे-भरे रखने की जवाबदारी भी सफल निविदाकार की रहेगी।

19. सफल निविदाकार एवं उसके स्टाफ के द्वारा एमपीसीडीएफ परिसर में किसी प्रकार का मद्यपान, नशा नहीं किया जाएगा तथा किसी प्रकार की अवांछनीय गतिविधियॉ नहीं करेगा। अन्यथा की स्थिति में पूर्ण जवाबदारी सफल निविदाकार की रहेगी।

20. सफल निविदाकार को दर अनुमोदित होने के उपरांत कार्यादेश जारी होने के 10 दिवस में रूपये 1000/- मूल्य के नान जुडीशियल स्टाम्प पेपर पर अनुबंध निष्पादित करना अनिवार्य होगा।

21. ठेका अनुबंध की शर्तों के संबंध में उभय पक्ष में कोई भी विवाद की स्थिति में सोल आर्बिट्रेटर प्राधिकृत अधिकारी एमपीसीडीएफ तथा उनके द्वारा पारित एवार्ड/निर्णय उभय पक्षों पर मान्य एवं बंधनकारी होगा।

प्रबंध संचालक

एमपीसीडीएफ,
भोपाल

मेरे द्वारा उपरोक्त उद्यानिकीय कार्यों का विवरण एवं ठेका शर्तों को अच्छी तरह से पढ़ा तथा समझा गया जो मुझे मान्य हैं जो निविदा स्वीकृत होने पर अनुबंध में सम्मिलित होगा।

गवाह (1)

हस्ताक्षर

सफल निविदाकार
नाम :

मोबाईल नं.

लैण्ड लाईन नं.

# एम.पी. स्टेट कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लि0 (एमपीसीडीएफ)

**दुग्ध भवन, दुग्ध मार्ग, हबीबगंज, भोपाल–24**

**प्रपत्र – तीन**

**तकनीकी निविदा प्रपत्र**

1. फर्म / प्रोप्राईटर का नाम : ........................................................

2. पंजीकृत कार्यालय का पूर्ण पता : ........................................................

(पिन कोड सहित) : ........................................................

3. फोन नंबर / ईमेल पता : ........................................................

4. धारित वाहनों / मशीनों का विवरण : ........................................................

5. फर्म का स्वरूप (प्रमाण पत्र संलग्न करें) : ........................................................

अ. प्रोप्राईटरी : ........................................................

ब. पार्टनरशिप : ........................................................

स. प्राइवेट लिमिटेड : ........................................................

द. अन्य (विवरण दें) : ........................................................

6. पंजीयन क्रमांक, वर्ष एवं तिथि (वैधता अवधि / : ........................................................

नवीनीकरण तिथि (छायाप्रति संलग्न करें)

7. कार्यरत कर्मचारियों/श्रमिकों की संख्या : ........................................................

8. पी एफ पंजीयन क्रमांक : .......................................................

(छायाप्रति संलग्न करें) (श्रम विधानों के अंतर्गत श्रमिकों को देय किये गये स्वत्वों यथा भविष्यनिधि अंशदान, उपादान, बोनस आदि के भुगतान संबंधी विवरण (विगत दो वर्षों के दस्तावेजी प्रमाण संलग्न करें)

9. ई एस आई पंजीयन विवरण इएसआई एक्ट के : ........................................................

अंतर्गत विगत दो वर्ष में जमा चांलानौ की (छायाप्रति संलग्न)

10 वित्तीय स्थिति :

अ. बैंकर्स का नाम एवं पता : ........................................................

ब. पैन नंबर (छायाप्रति संलग्न) : ...................................................

स. गत वर्ष आई.टी.आर. यदि हो तो : ..................................................

11. क्या फर्म के विरूद्ध कोई क्लेम/न्यायालयीन प्रकरण लंबित हैं ? यदि हां तो उसका विवरण : ........................................................

12. क्या फर्म को किसी शासकीय/अर्धशासकीय संस्था द्वारा काली सूची में रखा गया है ? यदि हां तो विवरण दें, यदि नहीं तो शपथ पत्र प्रेषित करें।

(संलग्न है/नहीं)

13. उद्यानकीय क्षेत्र में फर्म/निविदाकार का कार्य .................................................
....

अनुभव (वर्षों में)

14 फर्म द्वारा संचालित ठेका संबंधी जानकारी/सूची : .............................................
...... जहां उसके द्वारा पूर्व में कार्य किया तथा वर्तमान

में कार्य चल रहा है (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

अधोहस्ताक्षर निविदाकर्ता द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त कंडिकाओं में दी गई संपूर्ण जानकारी सही एवं सत्य है। यदि कोई जानकारी असत्य पाई जाती है तो इस संबंध में एमपीसीडीएफ प्रबंधन का निर्णय मुझे मान्य होगा।

हस्ताक्षर
निविदाकर्ता

नाम

पता

**<u>प्रपत्र चार</u>**

## <u>वित्तीय निविदा प्रपत्र</u>

प्रबंध संचालक
एम.पी.स्टेट को–आपरेटिव डेयरी फेडरेशन लि.
(एमपीसीडीएफ)
दुग्ध भवन, दुग्ध मार्ग,
हबीबगंज, भोपाल–24

**विषयः— एमपीसीडीएफ दुग्ध भवन परिसर में उपलब्ध भूमि पर उद्यान के विकास एवं रखरखाव हेतु भूमि ठेका भाड़े पर लेने की निविदा दर बावत।**

**संदर्भः— कार्यालयीन निविदा ,भोपाल, दिनांक**

महोदय,

उपरोक्त निविदा सूचना के संदर्भ में एमपीसीडीएफ के परिसर में निर्धारित समस्त शर्तों के तहत उद्यानिकी कार्य करने का इच्छुक हूं। इस हेतु मेरे द्वारा रूपये ........................ ........... (रूपये ............................................................मात्र) समस्त कर सहित प्रत्येक वर्ष हेतु प्रीमियम के रूप में दर प्रेषित है।

हस्ताक्षर

दिनांक ..........................

नाम

पता

मोबाईल नंबर

# एम.पी. स्टेट कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लि0 (एमपीसीडीएफ)

**दुग्ध भवन, दुग्ध मार्ग, हबीबगंज, भोपाल–24**

**<u>प्रपत्र पांच</u>**

प्रति,

प्रबंध संचालक,
एमपीसीडीएफ,
भोपाल

विषयः– दुग्ध भवन परिसर में उपलब्ध भूमि पर उद्यान के विकास एवं रख रखाव हेतु भूमि ठेका भाड़े पर देने की निविदा दर बावत।

संदर्भः– विज्ञप्ति भोपाल दिनांक

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित विज्ञप्ति से प्राप्त जानकारी के आधार पर मैं.................. ...................पिता.................................... निवासी..............................तहसील..................................... जिला..............................दुग्ध भवन स्थित भूमि/परिसर पर अपने स्वयं के व्यय से उद्यान के विकास एवं रख रखाव तथा निविदा में निर्धारित भूमि पर स्वयं की नर्सरी संचालन हेतु भूमि ठेके पर लेने के लिए अपनी भाड़ा दर निर्धारित प्रपत्र चार में प्रस्तुत कर रहा हूं। निविदा हेतु प्रबंधन द्वारा निर्धारित समस्त शर्तें मैंने पढ़कर समझ ली हैं तथा मुझे मान्य हैं। निविदा दरों के साथ बयाने की रकम रूपये 5000/– (रूपये पांच हजार मात्र) का बैंक ड्राफ्ट/पे आर्डर (राष्ट्रीयकृत बैंक का) जो एम. पी. स्टेट को–आपरेटिव डेयरी फेडरेशन लि. के नाम से देय है, संलग्न कर रहा हूं। बैंक ड्राफ्ट/पे आर्डर का विवरण नीचे दिया गया है। निविदाकर्ता की वांछित जानकारी निम्नानुसार हैः– (विवरण अधिक होने पर पृथक से कागज का उपयोग कर सकते हैं)

बैंक ड्राफ्ट/का विवरण :

क. बैंक ड्राफ्ट/का क्रमांक एवं दिनांक :

ख. बैंक का नाम (राष्ट्रीयकृत बैंक) :

ग. राशि (रूपये)

(हस्ताक्षर निविदाकार)

नाम .........................................

पता .........................................

..........................................

.

मोबाइल नंबर ..........................

..

लैण्डलाईन नंबर ..................

...............